Regarding need to introduce a rail service between Anand (Gujarat) and Haridwar (Uttarakhand)-Laid

श्री मितेश पटेल **(बकाभाई) (आणंद) :** मेरा मत विस्तार आनंद लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की कर्मस्थली रही है और महान शिक्षाविद आदरणीय भाई काका जी और आदरणीय भीखाभाई पटेल जी की जन्म भूमि है । आनंद देश की सबसे बड़ी सहकारी संस्था अमूल डेयरी के लिए भी जाना जाना जाता है । भारत के प्रधानसेवक मोदी जी के नेतृत्व में रेलवे अपने स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है । रेल के क्षेत्र और रेल यात्रा पहले की अपेक्षा सुगम, स्वच्छ एवं नियमित हुई है । हरिद्वार हिंदुओं का पवित्र तीर्थस्थल है एवं बहुत सारी परम्पराओं और संस्कारों को निभाने हेतु हर हिंदू को जीवन में हरिद्वार की यात्रा करनी पड़ती है । मेरे मत विस्तार और अमृत स्टेशन में शामिल आनंद जंक्शन से हरिद्वार के लिए कोई भी ट्रेन उपलब्ध नहीं है जिससे आम जनमानस ने रेलमंत्री का ध्यान आनंद से हरिद्वार हेतु रेल सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है । माननीय रेलमंत्री जी से आग्रह है कि आनंद से हरिद्वार रेल सुविधा हेतु संबन्धित को आदेशित कर जनता को अनुग्रहित करें ।